फाईल सं. 1-9/2025-एसकेटी.।
भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

दिनांक 25.05.2026

विज्ञापन संख्या-04/2026

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति के पद पर नियुक्ति पर विचार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है ।

कुलपति, अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख हैं और विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। इस पद पर विचार के लिए पात्रता की शर्तें और अन्यथा निम्नानुसार है:

i. संस्कृत और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विद्वान और उसकी अहर्ताएं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) के तहत बनाए गए विनियमों में यथा विनिद्रिष्ट अहर्ताएं होंगी।

ii. इस विज्ञापन में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर 65 वर्ष की आयु से अधिक का नहीं होना वांछनीय।

वेतन और सेवा शर्तेः

- पद पर प्रतिमाह वेतन 2,10,000/- रूपये (नियत) और 11,250/- रूपये का विशेष भत्ता और अन्य सामान्य भत्ते देय होगा ।
- सेवाओं के अन्य नियम और शर्ते, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 और विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेश में निर्धारित के अनुसार होंगी ।

नियुक्ति की प्रक्रियाः

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयन समिति द्वारा अनुशंसित तीन नामों के पैनल से नियुक्ति की जाएगी ।

आवेदन जमा करनाः

- विज्ञापन वेबसाइट https://www.education.gov.in और https://www.slbsrsv.ac.in पर उपलब्ध है।
- उम्मीदवारों को नीचे दिए गए लिंक के अनुसार शिक्षा मंत्रालय के समर्थ पोर्टल पर **"केवल ऑनलाईन आवेदन"** करना होगाः

  https://vcrec.samarth.ac.in/index.php/

- मंत्रालय किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने में विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।
- जो व्यक्ति पहले से ही सेवारत हैं, उन्हें उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए और अपने संस्थान/विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा दिया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र/सतर्कता निकासी रिपोर्ट के साथ अपने नियोक्ता के माध्यम से अपना आवेदन जमा करना चाहिए ।
- अपूर्ण आवेदनों/आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
- उपरोक्त लिंक 01 जून, 2026 10:00 बजे से दिनांक 30 जून, 17:00 बजे तक सक्रिय रहेगा ।

-हस्ता/-
(डॉ. सौम्य राजन)
उप सचिव, भारत सरकार
टेलीफोन नंबर: २३०७०१८२

...55&view=pt&search=all&permthid=thread-f:186611...